महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com
वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालयात नवनियुक्त अध्यापकों का स्वागत

फैकल्टि एण्ड ऑफीसर्स क्लब का आयोजन

वर्धा दि. 6 जनवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के फैकल्टि एण्ड ऑफीसर्स क्लब की ओर से विश्वविद्यालय में हाल ही में नियुक्त अध्यापकों का स्वागत किया गया।

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने सभी अध्यापकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी तथा उनका स्मृतिचिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंच पर वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, श्रीमती माधुरी मिश्रा, शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा, क्लब की सचिव डॉ. सुप्रिया पाठक उपस्थित थे।

प्रारंभ में सभी अध्यापकों ने अपना परिचय देते हुए विश्वविद्यालय में उनके द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यापकों में भाषा विद्यापीठ के सहायक

प्रोफेसर लेखराम दन्नाना (संस्कृत भाषा), डॉ. संदीप कुमार (फ्रेंच), साहित्य विद्यापीठ की सहायक प्रोफेसर सुश्री मैत्रेयी (अंग्रेजी), डॉ. हिमांशु शेखर (उर्दू), शिक्षा विद्यापीठ के सह प्रोफेसर डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. शिरीष पाल सिंह, सहायक प्रोफेसर डॉ. अजीत आनंदमणि, डॉ. प्रतीक उपाध्याय,

ऋषभ कुमार मिश्र, सारिका राय शर्मा, शिल्पी कुमारी, समरजीत यादव, आर. पुष्पा नामदेव, धर्मेंद्र

नारायणराव शंभरकर, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश

कुमार (सामाजिक कार्य) तथा प्रदर्शनकारी कला विभाग की सुरभि विप्लव, अश्विनी कुमार एवं

अभिषेक सिंह सहित विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुप्रिया पाठक ने किया।